अल्टीमेटम — 20 लोगों को थमाया गया नोटिस, बधिरा मोबाइल एप के साथ की थी छेड़छाड़

# बाघ दिखाने के जुनून में सरकारी सिस्टम से खिलवाड़



**चिल्हारी, उमरिया।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पार्क प्रबंधन और वन्यजीव प्रेमियों की नींद उड़ा दी है। जंगल के नियम कायदों को धता बताकर और पर्यटकों को खुश करने के चक्कर में गाइडों और चालकों ने वो दुस्साहस किया है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

चंद रुपयों के लालच और बाघ दिखाने की अंधी होड़ में इन लोगों ने सरकारी संपत्ति और सुरक्षा तंत्र यानी बधिरा मोबाइल ऐप के साथ ही छेड़छाड़ कर डाली। पर्यटन अधिकारी (ताला) ने इस घोर लापरवाही और नियम विरुद्ध कृत्य पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए 20 गाइडों और चालकों को कारण बताओ नोटिस थमा दिया है। विभाग की इस कार्रवाई से पूरे महकमे में हडकंप मच गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की भी अवहेलना

उल्लेखनीय है कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कोर एरिया में मोबाइल और शोर-शराबे पर सख्त पाबंदी लगाई है, ताकि वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास प्रभावित न हो। लेकिन बांधवगढ़ के ये गाइड पर्यटकों से मिलने वाली टिप के चक्कर में कानून को जेब में रखकर घूम रहे हैं। तेज रफ्तार वाहन और जीपीएस से छेड़छाड़ न केवल बाघों को तनाव में डालती है, बल्कि किसी बड़े हादसे को भी न्यौता दे सकती है।

### बाघों की सुरक्षा को खतरा

बांधवगढ़ का कोर जोन, जहां परिंदा भी पर मारने से पहले नियमों की इजाजत लेता है, वहाँ इन गाइडों ने सरकारी निगरानी तंत्र को ही अंधा कर दिया। आरोप है कि भ्रमण के दौरान इन लोगों ने आवंटित्त बधिरा ऐप बाधित किया। इसका सीधा मकसद था कि ट्रैकिंग से बचना। जब जीपीएस का ट्रैक ही नहीं बनेगा, तो पार्क प्रबंधन को पता ही नहीं चलेगा कि वाहन तय रूट पर है या प्रतिबंधित इलाकों में बाघ का पीछा कर रहा है। ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ये वाहन निर्धारित 20 किमी/घंटा की रफ्तार को भूलकर, धूल उड़ाते हुए उन 80 प्रतिशत संवेदनशील इलाकों में घुस गए, जहाँ प्रवेश वर्जित है। मोबाइल के साथ अनधिकृत रूप से छेड़छाड़ की और सॉफ्टवेयर को और बाधा उत्पन्न करना है।

### इन पर गिरी गाज

पर्यटन अधिकारी द्वारा जारी क्रमांक 129 के तहत जिन लोगों को कटघरे में खड़ा किया गया है, उनमें राजेश कुमार साहू, गजेन्द्र यादव, सत्यकांत शुक्ला, देवराज सिंह, शुभम सिंह, लवकेश कुमार बैगा, शिवशंकर नामदेव, राजकुमार सिंह, अतुल कुमार गुप्ता, राकेश सिंह, अवनीश सिंह राणा, रामदीन बैगा, सुफल सिंह, संत कुमार प्रजापति, राजेश साहू, मनजीत सिंह, मुकेश यादव, रामलखन सिंह, प्रवीण मिश्रा के नाम शामिल है, इन पर आरोप है कि इन्होंने 15 से 18 फरवरी के बीच जंगल के नियमों की धज्जियां उड़ाई।

### बख्शा नहीं जाएगा

पर्यटन अधिकारी ने नोटिस में स्पष्ट और सख्त लहजे में कहा है कि यह कृत्य न केवल सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ है, बल्कि शासकीय कार्यों में सीधा हस्तक्षेप और बाधा उत्पन्न करना है। पार्क प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला, तो यह मान लिया जाएगा कि इन गाइडों के पास बचाव में कहने को कुछ नहीं है। ऐसी स्थिति में इनके विरुद्ध एकपक्षीय कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह इन गाइडों की होगी।

### आखिर कब थमेगी ये मनमानी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि पार्क के भीतर जंगल राज नहीं चलेगा। अब देखना यह है कि क्या इन 20 लोगों पर सिर्फ कागजी कार्रवाई होगी या इन्हें हमेशा के लिए ब्लैकलिस्ट कर एक मिसाल कायम की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई दूसरा गाइड सरकारी सिस्टम से खिलवाड़ करने की जुर्रत न कर सके।

# विधायक ने निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**युवकों ने पहले किया था विधायक का विरोध, अब बोले गलती हुई थी**



**अमरपुर नवभारत 21 फरवरी।** विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शनिवार को विरोध के 11 दिन बाद अधिकारियों के साथ जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत परसेल के पोषक ग्राम पिंडरुखी सड़क निर्माण का भूमि पूजन करने पहुंचे। इस दौरान विरोध करने वाले युवकों ने ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की जांच का निर्देश सुनते ही विधायक का स्वागत करने लगे।

विदित हो कि विगत 8 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक की गाड़ी रोकी थी। शाम करीब 7 बजे गांव के कुछ युवकों ने सड़क पर पत्थर रखकर विधायक की गाड़ी रोककर गांव में हुए भ्रष्टाचार की जानकारी दी। साथ ही बताया कि अधिकारियों की शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं होने की जानकारी देते हुए गांव में जाने से रोका था। इसके बाद विधायक बिना कार्यक्रम में शामिल हुए वापस लौट गए थे।

**समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश**-कार्यक्रम के दौरान विधायक ने प्राथमिक शाला से मुख्य मार्ग तक सीसी सड़क के लिए भूमिपूजन किया। निंदानी टोला में बिजली की समस्या का निराकरण करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों और पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए पीएचई विभाग को एक सप्ताह का समय दिया। विधायक ने ग्रामीणों को बताया कि पारधी टोला से मुख्य मार्ग तक लगभग 3 किलोमीटर की सड़क राज्य शासन ने स्वीकृति दी हैं। टेंडर प्रक्रिया चल रही हैं।

**युवकों ने बताया- गांव में विकास कार्य नहीं होते**-कार्यक्रम के दौरान युवक रोहित साहू ने बताया कि परसेल ग्राम पंचायत में हथकटा और पिंडरुखी पोषक ग्राम हैं। हमारे यहां विकास कार्य ही नहीं कराएं जा रहे हैं। साथ ही जो काम हुए उनमें भारी भ्रष्टाचार किया गया हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रीतम मरावी, जनपद सदस्य मालती तिवारी, सरपंच गुलाबवती कुशराम, बद्री प्रसाद साहू एवं मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# 39 पेंशन संबंधी समस्याओं का किया गया निराकरण

**समर्पण सेवा अभियान अंतर्गत दिव्यांग एवं वरिष्ठों के लिए शिविर आयोजित**



**शहपुरा नवभारत 21 फरवरी।** कलेक्टर के मार्गदर्शन पर समर्पण सेवा अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत शहपुरा में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना था। शिविर में कुल 138 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इस दौरान 35 हितग्राहियों के मेडिकल प्रमाण पत्र, 30 हितग्राहियों के यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। साथ ही समस्त प्रकार के 46 नवीन पेंशन प्रकरण दर्ज किए गए एवं 39 पेंशन संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया।

### 10 हितग्राहियों को चिन्हित किया गया

इसके अतिरिक्त 10 हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हित किया गया तथा 18 हितग्राहियों को आवश्यक चिकित्सीय जांच के लिए संदर्भित किया गया। तथा 2 दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण वितरण किया गया । शिविर में आयुष विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को विभिन्न प्रकार की औषधियाँ वितरित की गईं तथा स्वस्थ जीवनशैली, दैनिक दिनचर्या, आहार-विहार एवं आवश्यक जीवन-यापन संबंधी परामर्श प्रदान किया गया, जिससे वे बेहतर स्वास्थ्य के साथ आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

**इनकी रही उपस्थिति-** शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, सिविल सर्जन डॉ. रमेश मरावी सहित जिला चिकित्सालय मेडिकल बोर्ड के सदस्य के साथ जिले के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के जिला समन्वयक ब्रज मोहन भारतीया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजेश बैगा, डीडीआरसी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ जनपद पंचायत के बीपीओ छतर सिंह मार्को एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोधी समाज के सोनक वर्मा बने जज

**अमरपुर नवभारत 21 फरवरी।** लोधी समाज के साधारण परिवार में जन्में सोनक वर्मा एडवोकेट जज बन गए है। वह मूलत: नांदा ब्लॉक अमरपुर के रहने वाले हैं। वर्तमान में मोहला मानपुर अंम्बागढ़ चौकी के भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं। सोनक वर्मा ने लॉ कॉलेज में प्रवेश के पश्चात ही सहपाठी छात्र जज साहब कहने लगे थे। पूर्व में इनका चयन संघ लोक सेवा आयोग से सीबीआई में अभिभाषक पद पर हुआ और वर्तमान में वह पश्चिम बंगाल कोलकाता में पदस्थ हैं। 20 फरवरी को लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ की व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) परीक्षा 2024 में 19वीं रैंक प्राप्त कर अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया और जज बन गए। वे महेंद्र ठाकुर जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधी महासभा जिला डिंडौरी के भतीजे हैं। सोनक वर्मा को उनके परिवारजनों सहित मित्रों द्वारा बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई हैं।



# शिविर में 48 नवीन पेंशन प्रकरण किए गए दर्ज




**सेवा समर्पण अभियान अंतर्गत दिव्यांग एवं वरिष्ठों के लिए शिविर आयोजित**

**अमरपुर नवभारत 21 फरवरी।** कलेक्टर के मार्गदर्शन पर सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत अमरपुर में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना था।

शिविर में कुल 155 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इस दौरान 28 हितग्राहियों के मेडिकल प्रमाण पत्र, 34 हितग्राहियों के यूडीआईडी कार्ड बनाएं गए। साथ ही समस्त प्रकार के 48 नवीन पेंशन प्रकरण दर्ज किए गए, 17 उपकरण पंजीयन किया गया। वहीं पर 30 लोगों का उपचार हेतु रिफर की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हित कर हितग्राहियों को आवश्यक चिकित्सीय जांच के लिए संदर्भित किया गया तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण किया गया।

### औषधियां वितरित की गईं

शिविर में आयुष विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को विभिन्न प्रकार की औषधियां वितरित की गई तथा स्वस्थ जीवनशैली, दैनिक दिनचर्या, आहार-विहार एवं आवश्यक जीवन-यापन संबंधी परामर्श प्रदान किया गया, जिससे वह बेहतर स्वास्थ्य के साथ आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

**इनकी रही उपस्थिति-** शिविर में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश नारनौरे, प्रमोद कुमार परस्ते खंड पंचायत अधिकारी, सेवा सिंह राजपूत सचिव, राजेन्द्र विश्वकर्मा सचिव, तीरथ बंजारा सचिव, प्रेम सिंह आर्मो समन्वयक सहित जनपद स्टाप मौजूद रहे। इसी प्रकार से डां. अजय राज, डॉ. मिनी मौर्वी, डॉ. प्रकाश ठाकुर, डॉ. रमेश मरावी सहित आयुष विभाग अमरपुर की टीम उपस्थित रहे।

### अमरपुर में विकलांग शिविर आयोजित



**अमरपुर नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर में विकलांग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित विकलांग शिविर में जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायतों से विकलांगों को ग्राम पंचायत में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा आमंत्रित कर पंजीयन कराया गया। डॉ. रमेश सिंह मरावी, डॉ. अजय राज, डॉ. मिनी मौर्वी, डॉ. प्रकाश ठाकुर आदि की मौजूदगी में विकलांग शिविर आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार विकलांग शिविर में कुल 155 पंजीयन हुआ, जिसमें 28 पात्र नवीन प्रमाण पत्र, वहीं 34 यूडीआईडी, 48 पेंशन प्रकरण, 17 उपकरण पंजीयन एवं 30 को उपचार हेतु रेफर किया गया हैं।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने दिया प्रशिक्षण

**आकांक्षी ब्लॉक बजाग में केयर कम्पैनियन प्रोग्राम का आगाज**



**डिंडोरी,नवभारत 21 फरवरी।** जबलपुर संभाग के आकांक्षी विकासखंड बजाग में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'केयर कम्पैनियन प्रोग्राम' का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित इस कार्यक्रम का लक्ष्य घर पर होने वाले प्रसव को शून्य करना और संस्थागत प्रसव को 100 प्रतिशत तक सुनिश्चित करना है।

यह कार्यक्रम नूरा हेल्थ और वायओएस एड इनोवेशन फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से तैयार किया गया है। इसकी अवधारणा यह है कि यदि परिवार के देखभालकर्ताओं को वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया जाए, तो गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान जटिलताओं की समय रहते पहचान संभव हो सकेगी। अक्सर महिलाएं प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद का समय घर पर बिताती हैं, ऐसे में प्रशिक्षित परिवार सदस्य प्राथमिक देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं

राज्य स्तरीय प्रशिक्षक डॉ. देवेंद्र शर्मा द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य मातृ स्वास्थ्य कंसल्टेंट अनंत राव पवार प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित रहे। इसके तहत हाई-रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों में प्रसव से पूर्व महिला को प्रसूति प्रतीक्षालय में भर्ती कराने के लिए परिजनों को प्रेरित किया जाएगा।

### अधिकारियों का साझा संकल्प

प्रशिक्षण के दौरान नीति आयोग के प्रतिनिधि डॉ. विकास जैन, डीपीएम दिलीप कछवाहा और बीपीएम लल्ला यादव सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने सहभागिता की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को आशा कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस पहल से न केवल अस्पतालों में प्रसव की संख्या बढ़ेगी, बल्कि समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**इनका कहना है**

जब परिवार का देखभालकर्ता जागरूक और सक्षम होगा, तभी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में वास्तविक सुधार संभव है।

**डॉ. मनोज पांडे, सीएमएचओ, डिंडोरी**



# अवैध खनिज का परिवहन करते चार वाहन जब्त

**खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई**

**डिंडोरी, नवभारत 21 फरवरी।** जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 फरवरी को खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम गाड़ासरई, तहसील बजाग, थाना गाड़ासरई क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ओवरलोड गिट्टी परिवहन करते पाए गए तीन वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों में एक ट्रैक्टर तथा दो हाइवा शामिल हैं। वाहन मालिक रतन गुप्ता के इन वाहनों को थाना गाड़ासरई में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। इसके अतिरिक्त 21 फरवरी को एक बिना नंबर स्वराज ट्रैक्टर को अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना बजाग में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उक्त सभी वाहनों के विरुद्ध प्रचलित खनिज नियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण को न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# प्रार्थना सभा के दौरान किया गया नवाचार

**छात्रों ने प्रस्तुत किया दैनिक गतिविधियों का प्रतिवेदन**

**डिंडोरी,नवभारत 21 फरवरी।** सांदीपनि विद्यालय नरिया में प्रार्थना सभा के दौरान एक सराहनीय और नवाचारी पहल देखने को मिली। विद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा को और अधिक सार्थक एवं सहभागी बनाने के उद्देश्य से छात्रों द्वारा पिछले दिन की समस्त गतिविधियों (विद्यालय लगने से अवकाश तक) का प्रतिवेदन स्वयं मंच से प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा आरंभ की गई इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। प्रतिदिन हाउसवार चयनित छात्र मंच पर आकर शैक्षणिक गतिविधियों, सह-पाठ्यक्रम कार्यक्रमों, खेलकूद, विशेष आयोजनों एवं महत्वपूर्ण घोषणाओं का क्रमबद्ध विवरण प्रस्तुत करते हैं।

### बच्चों के संवाद कौशल में देखा गया सुधार

इस नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल मंच संचालन का अनुभव प्राप्त हो रहा है, बल्कि वे विद्यालय की गतिविधियों से भी अधिक जागरूक हो रहे हैं। शिक्षकों ने बताया कि इस पहल से बच्चों में संवाद कौशल में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है तथा वे विद्यालयीन अनुशासन एवं गतिविधियों के प्रति अधिक सजग बने हैं। विद्यालय का यह प्रयास विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# सभी प्रकार के टैक्स का भुगतान हुआ कैशलेस

**नगर परिषद शहपुरा में पीओएस मशीन सेवा का शुभारंभ, कर भुगतान हुआ कैशलेस**



**शहपुरा नवभारत 21 फरवरी।** नगर परिषद शहपुरा में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीओएस मशीन सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगर परिषद के सभी प्रकार के करों का भुगतान कैशलेस और ऑनलाइन माध्यम से सुलभ बनाना है, ताकि नागरिकों को सुविधा के साथ पारदर्शी व्यवस्था मिल सके।

अब नागरिक संपत्ति कर, जलकर, स्वच्छता कर सहित अन्य शुल्कों का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से सीधे नगर परिषद कार्यालय में कर सकेंगे। इससे नकद लेनदेन में कमी आएगी और राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी।

### इससे बचेगा नागरिकों का समय

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद हरीश साहू एवं वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद भजनदास चक्रवर्ती सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम शासन की डिजिटल इंडिया की भावना के अनुरूप है और इससे नागरिकों का समय बचेगा। नगर परिषद की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सुगमता लाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

अवैध वसूली — क्षेत्रीय विधायक ने भी जताई नाराजगी, एड़ी-चोटी की जोर आजमाइश के बाद भी मामला आज तक ठंडे बस्ते में

# यातायात प्रभारी की कार्यप्रणाली से भाजपा पदाधिकारी खफा

**डिंडोरी, नवभारत 21 फरवरी।** नगरीय क्षेत्र में अव्यवस्थित यातायात और हो रही अवैध वसूली से डिंडोरी भाजपा पदाधिकारी सकते में हैं। आलम यह कि एड़ी-चोटी की जोर आजमाइश के बाद भी मामला आज तक ठंडे बस्ते में है।

सूत्र तो यह भी बताते हैं कि पुलिस प्रशासन के सामने जब भाजपा के स्थानीय पदाधिकारियों की सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने जिले के आदमकद नेताओं पूर्व कैबिनेट मंत्री शहपुरा विधायक और राष्ट्रीय मंत्री से भी सिफारिश कर डाली कि इस मामले में उनकी साख दांव पर लग चुकी है, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि इस मामले में दोनों ही आदमकद नेताओं ने भी तमाम प्रयास कर डाले फिर भी हथकंडे काम नहीं आये।

### सड़कों पर पसरा सन्नाटा

सोशल मीडिया और अखबारों में लगातार आ रही खबरों को संज्ञान में ले और वसूली के सनसनीखेज आरोप लगने के बाद यातायात विभाग द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही भी हुई, जिसका नतीजा यह रहा कि अब ऐसे वाहन चालक सड़कों पर फर्राटा भरने से बच रहे है। जिनके पास पूरे दस्तावेज है ऐसे गिने-चुने वाहन ही सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे है। ऐसे में सवाल यह भी है कि यातायात पुलिस की यह कसावट जारी रहेगी या महज वसूली की खबरें सुर्खियों में आने के बाद महज खानापूर्ति साबित होगी।

### अब नजर बाल कल्याण समिति की कार्यवाही पर

बता दें कि यातायात प्रभारी की मनमानी के शिकार रहे नीरज गायकवाड़, सेंट एंजिल पब्लिक स्कूल के वाहन चालक ने लगभग तीन रोज पूर्व ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय और बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष एक शिकायत की थी, लेकिन तीन रोज गुजरने उपरांत भी मामले में अब तक कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है। मामला बच्चों से भरी स्कूल बस को यातायात थाने में लगभग 1 घंटे खड़े करने का था। इसमें बच्चे तो परेशान हुए साथ ही अभिभावक भी परेशान होते रहे।

**इनका कहना है**

पुलिस अधिकारी और कर्मचारी वही कर रहे हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के शासन में सरकार कह रही है। जैसा कि आपने बताया वह जनता के हित की बात है पर सरकार कहां सुनने को तैयार है। आज तो प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हमला करा दिया गया।

**ओमकार मरकाम, क्षेत्रीय विधायक, डिंडोरी**

मेरे पास भी लगातार शिकायतें पहुंची थीं, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर प्रयास किए गए, लेकिन जब नतीी नहीं निकला तो हमने इस मामले में प्रदेश स्तर पर भी प्रयास किया और आज पुन: इस मामले में मेरी चर्चा प्रदेश में बैठे पदाधिकारियों से होगी शीघ्र ही नतीजा निकलेगा।

**चमरू सिंग नेताम, भाजपा जिलाध्यक्ष, डिंडोरी**

उक्त मामले में यातायात प्रभारी के नाम से नोटिस तैयार हो गया है ,लेकिन छुट्टी के चलते संबंधित कार्यालय तक नोटिस की तामिली नहीं हो सकी है। पूरा प्रयास होगा कि सोमवार तक यातायात प्रभारी तक नोटिस की कॉपी तामील हो जाए।

**नागेन्द्र चौरसिया, सदस्य, बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड**

जो आवेदन दिया गया था, उसकी जांच की जा रही है।

**डॉ. अमित वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला डिंडोरी**